समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# भूमि विकास बैकं के नवनिर्वाचित चेयरमैन राजेद्रं सिहाग का भव्य स्वागत, क्षेत्र के किसानों मे हंर्ष की लहर।

Publisher

Published on 11 Jun 2025



## भारतीय किसान संघ परिवार ने नोहर मे किया चेयरमैन राजेद्रं सिहाग का अभिनंदन, किसानों और युवाओं ने जताई खुशी।

सवांदाता,नोहर,

हनुमानगढ़, राजस्थान

**सवांदाता,नोहर, हनुमानगढ़, राजस्थान**: **भूमि विकास बैकं के नवनिर्वाचित चेयरमैन श्री राजेद्रं सिहाग** का आज **कृषक विश्रामगृह, नोहर** में **भारतीय किसान संघ** परिवार की ओर से भव्य स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच **हनुमान प्रसाद आर्य** तथा **गंगाराम बेनीवाल** ने उन्हें पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मानित किया। अन्य कार्यकर्ताओं और परिजनों ने माल्यार्पण कर शुभकामनाएं दीं।

इस स्वागत कार्यक्रम में मौजूद भारतीय किसान संघ के **महामंत्री श्री पृथ्वी साहू** ने कहा कि "यह हमारे लिए गौरव की बात है कि भारतीय किसान संघ के एक कर्मठ कार्यकर्ता और तहसील अध्यक्ष को जिले की बड़ी जिम्मेदारी मिली है।" उन्होंने यह भी बताया कि सिहाग के चेयरमैन बनने से पूरे क्षेत्र के **किसान, युवा** और **मजदूर वर्ग** में खुशी की लहर है।

### किसानों के लिए समर्पित चेयरमैन

स्वागत समारोह में बोलते हुए **राजेद्रं सिहाग** ने सभी कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा – "मैं गरीब को गणेश और किसान को भगवान मानकर सेवा करूंगा। भूमि विकास बैंक की सभी योजनाओं और सरकार द्वारा चलाई जा रही ऋण

वितरण योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक किसानों और मेहनतकश वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प लेता हूं।"

**कार्यक्रम मे मौजूद प्रमुख चेहरे**

इस अवसर पर कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिनमें शामिल थे –

**दयाराम साहू, प्रताप सारण, दीपचंद बेनीवाल (जिला परिषद सदस्य), प्रेम गोदारा, दयाराम झोरड़, शंकर कड़वासरा, ओम मोठसरा सहित भारतीय किसान संघ** के अनेक कार्यकर्ता।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.